*संपादकीय*

# यूक्रेन विवाद पर भारत को करनी चाहिए पहल

यूक्रेन को लेकर दुनिया की पांचों महाशक्तियां आज जितनी परेशान दिख रही हैं, उतनी द्वितीय विश्व युद्ध के बाद कभी नहीं रहीं। 1962 के क्यूबा-कांड के दौरान पूरा मामला अमेरिका और सोवियत रूस के बीच था, लेकिन यूक्रेन विवाद पर अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी एक तरफ हैं तो रूस और चीन दूसरी तरफ। यदि यूक्रेन को लेकर युद्ध छिड़ा तो वह द्वितीय विश्वयुद्ध से भी अधिक खतरनाक सिद्ध हो सकता है। अमेरिकी सैन्य गठबंधन नाटो के सदस्य देश सारे यूरोप को युद्धभूमि बना देंगे और कोई आश्चर्य नहीं कि रूस के साथी चीन को घेरने के लिए 'क्वाड' नामक चौगुटे के चार राष्ट्र- अमेरिका, भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया भी सारे दक्षिण-पूर्व एशिया में खलबली मचा दें।

चुप नहीं बैठेगा चीन- ऐसे हालात में भारत की स्थिति काफी विषम हो सकती है, भले ही यूक्रेन विवाद से उसका सीधे कुछ लेना-देना नहीं है। गलवान घाटी में हुई भारत-चीन मुठभेड़ के कारण चीन से आजकल भारत के संबंध बिगड़े हुए हैं। भारत ने चीन में हो रहे ओलिंपिक्स का कूटनीतिक बहिष्कार भी किया हुआ है, लेकिन 20 राष्ट्रों के नेताओं के साथ रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पूतिन पेइचिंग के ओलिंपिक समारोह में शामिल हुए और उनकी चीनी राष्ट्रपति शी चिन फिंग से लंबी मुलाकात हुई। इस मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं ने 5300 शब्दों का संयुक्त वक्तव्य भी जारी किया। इस वक्तव्य का यह वाक्य गौर करने लायक है, 'दोनों राष्ट्रों के बीच मित्रता असीम है। कोई क्षेत्र ऐसा नहीं है, जिसमें हमारी मित्रता न हो सके।' यानी अगर यूरोप में युद्ध हुआ तो चीन चुप नहीं बैठेगा। रूस चाहेगा कि वह अमेरिका के खिलाफ अपने क्षेत्र में भी मोर्चा खोल दे। जरा याद करें, माओ त्से तुंग के चीन को और ख्रुश्चेव-बुल्गानिन के रूस को! दोनों एक-दूसरे को बुरी तरह से कोसा करते थे, लेकिन अब अमेरिका के कारण दोनों एक-दूसरे के नजदीक आते जा रहे हैं। यदि यूक्रेन के मामले में चीन का रवैया रूस-समर्थक है तो ताइवान के मामले में रूस का रवैया चीन-समर्थक। चीन ताइवान पर अपना कब्जा जमाना चाहता है और रूस यूक्रेन पर! यूक्रेन के सवाल पर चीन संयुक्त राष्ट्र संघ में रूस का खुलकर समर्थन करता रहा है। रूस-चीन संयुक्त वक्तव्य में भारत-चीन के सीमा विवाद का कोई जिक्र नहीं है, जबकि 'ब्रिक्स' और 'रिक' जैसे संगठनों में इन तीन देशों की सदस्यता है। पूतिन की चीन-यात्रा के बाद चीन-पाक संयुक्त वक्तव्य पर प्रतिक्रिया देते हुए दिल्ली के रूसी दूतावास ने स्पष्ट किया कि कश्मीर को रूस भारत का आंतरिक मामला समझता है। इससे यह भी जाहिर होता है कि चीन के दबाव में आकर रूस भारतीय हितों के विरुद्ध नहीं जाएगा। शी चिन फिंग और इमरान खान की वार्ता के बाद जो संयुक्त वक्तव्य जारी हुआ, उसमें घुमा-फिराकर कश्मीर का मामला जरूर उठाया गया। लेकिन अमेरिका के साथ भारत के संबंध आजकल लगभग उतने ही घनिष्ठ हो गए हैं, जितने नेहरू-इंदिरा काल में सोवियत संघ के साथ हो गए थे। अब जबकि रूस और अमेरिका के बीच काफी गर्मागर्मी का माहौल बन गया है, भारत ने लगभग चुप्पी-सी साध रखी है। न वह रूस के पक्ष में बोल रहा है और न ही अमेरिका के! भारत और यूक्रेन के संबंध इतने घनिष्ठ नहीं हैं कि उसे लेकर वह रूस या अमेरिका का समर्थन करने के लिए मजबूर हो जाए। यद्यपि यूक्रेन के साथ भारत का लगभग 3 बिलियन डॉलर का व्यापार है और भारत के 18000 छात्र यूक्रेन में पढ़ रहे हैं, लेकिन उसके साथ भारत का कोई सामरिक लेन-देन नहीं है। भारत और यूक्रेन के आपसी सांस्कृतिक संबंध सोवियत-काल से चले आ रहे हैं।

वेदप्रताप वैदिक

# अंबानी समेत दुनिया के टॉप 10 अरबपतियों में से 9 को 132 अरब डॉलर का झटका

❖ **एलन मस्क और मार्क जुकरबर्ग को सबसे ज्यादा नुकसान**



**नई दिल्ली ।** पिछले साल कोरोना काल के दौरान दुनियाभर के अरबपतियों की संपत्ति में खूब इजाफा हुआ, लेकिन अब तक साल 2022 उनके लिए बहुत बुरा साबित हो रहा है। शेयर बाजारों की अनिश्चितता की वजह से उनकी संपत्ति में सेंध लगा रही है। दुनिया के टॉप 10 अरबपतियों में से 9 की संपत्ति इस साल करीब 132 अरब डॉलर से अधिक घटी है। केवल वॉरेन बफेट एक मात्र ऐसे अरबपति हैं, जिनकी संपत्ति इस दौरान 6.61 अरब डॉलर बढ़ी है।।

सबसे ज्यादा एलन मस्क और मार्क जुकरबर्ग को नुकसानइस साल अब तक सबसे अधिक नुकसान टेस्ला के सीईओ एलन मस्क को हुआ है। इस अवधि में उनकी संपत्ति 46.8 अरब डॉलर घटकर 224 अरब डॉलर रह गई है। ब्लूमबर्ग के ताजा आंकड़ों के मुताबिक जेफ बेजोस को इस दौरान 14 अरब डॉलर का झटका लगा है। वह अब 178 अरब डॉलन के कुल नेटवर्थ के साथ अमीरों की लिस्ट में दूसरे नंबर पर हैं। वहीं, बर्नार्ड अर्नाल्ट की संपत्ति इस दौरान 18.4 अरब डॉलर कम होकर 160 अरब डॉर पर आ गई है।

इस दौरान बिलगेट्स की संपत्ति में भी सेंध लगी है। उनकी कुल संपत्ति 11.1 अरब डॉलर घटकर 127 अरब डॉलर हो गई है। लैरी पेज की संपत्ति 8.8 अरब डॉलर घटकर अब 120 अरब डॉलर पर आ गई है। वहीं, मार्क जुकरबर्ग 42.4 अरब डॉलर घटकर 83.1 अरब डॉलर पर आ गई है। सर्गी ब्रिन 8.86 अरब डॉलर गंवाकर अब 115 अरब डॉलर पर आ गए हैं। स्टीव बॉल्मर की संपत्ति भी 13.7 अरब डॉलर कम होकर अब 106 अरब डॉलर ही रह गई है। जबकि, लैरी एलिशन की संपत्ति 9.44 अरब डॉलर कम हुई है। अब वह 97.7 अरब डॉलर के साथ 10वें स्थान पर हैं।

अगर बात करें एशिया के दो सबसे बड़े अरबपतियों की तो मुकेश अंबानी की संपत्ति में 1.01 अरब डॉलर की गिरावट आई है।जबकि, गौतम अडानी की संपत्ति में 10.1 अरब डॉलर की वृद्धि हुई है। एशिया के नंबर वन अरबपति की रेस में फिलहाल मुकेश अंबानी अडानी से बहुत कम अंतर से आगे हैं। अब मुकेश अंबानी सोमवार सुबह तक 89.0 अरब डॉलर के साथ 10वें नंबर पर हैं, जबकि गौतम अडानी 86.6 अरब डॉलर के साथ 11वें नंबर पर। इनके पीछे फेसबुक के सीईओ मार्क जुकरबर्ग 83.1 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ 12वें स्थान पर हैं।

# आज से यमुना एक्सप्रेस-वे पर बिना फास्टैग वाले वाहनों को देना होगा दोगुना टोल टैक्स




**नई दिल्ली।** नोएडा यमुना एक्सप्रेस-वे के टोल प्लाजा पर बिना फास्ट टैग वाले वाहन चालकों को आज यानी सोमवार से दोगुना टोल टैक्स भरना पड़ेगा। यह नियम आज से प्रभावी हो गया है। केंद्र सरकार के आदेश के बाद यमुना एक्सप्रेस-वे प्रशासन ने इस नियम को लागू कर दिया है। यमुना एक्सप्रेस-वे टोल प्लाजा के प्रबंधक जे पी शर्मा ने बताया कि केंद्र सरकार ने सभी एक्सप्रेस- वे पर फास्ट टैग को अनिवार्य कर दिया है। बिना फास्टैग वाले वाहनों से पहले से ही दोगुना कर वसूला जा रहा है। उन्होंने बताया कि निजी एक्सप्रेसवे होने कारण यमुना एक्सप्रेस-वे पर यह नियम लागू नहीं था।

उन्होंने बताया कि यमुना विकास प्राधिकरण ने यमुना एक्सप्रेस- वे पर भी फास्ट टैग लगवा दिए हैं। एक्सप्रेसवे का प्रबंधन जेपी इन्फ्राटेक कर रही है। उन्होंने बताया कि जेवर टोल से लेकर आगरा टोल तक बिना फास्ट टैग के गुजरने वाले वाहन चालकों को अब दोगुना पथकर देना होगा। उन्होंने बताया कि यमुना एक्सप्रेस- वे पर सुरक्षित यात्रा के लिए एक्सप्रेसवे प्रबंधन कई उपाय कर रहा है।

# फाइनल सेट की आईपीएल नीलामी के लिए वापस आए नीलामीकर्ता एडमीड्स




**बेंगलुरु।** आईपीएल नीलामीकर्ता ह्यूग एडमीड्स यहां अंतिम सेट की नीलामी के लिए लौट आए। 2022 आईपीएल मेगा नीलामी में उपस्थित 10 फ्रेंचाइजियों के सभी सदस्यों द्वारा एडमीड्स का स्टैंडिंग ओवेशन के साथ स्वागत किया गया।

उल्लेखनीय है कि एडमीड्स नीलामी के पहले दिन बेहोश होकर गिर गए थे। घटना के तुरंत बाद आईपीएल की मेडिकल टीम ने उनका इलाज किया। भारतीय कमेंटेटर चारू शर्मा ने एडमीड्स की जगह पहले दिन की शेष नीलामी कराने की जिम्मेदारी संभाली थी और दूसरे दिन रविवार को भी नीलामी की जिम्मेदारी संभाली।

# सुपर ओवर में जीता ऑस्ट्रेलिया, सीरीज में 2-0 की बनाई बढ़त




**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे टी-20 मैच में श्रीलंका को सुपर ओवर में हरा कर दिया। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने पांच मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त ले ली। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस हार कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में छह विकेट पर 164 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। जवाब में श्रीलंकाई टीम 20वें और आखिरी ओवर में 18 रन बटोर कर 20 ओवर में आठ विकेट पर 164 रन बनाने में कामयाब रही और मैच सुपर ओवर में चला गया। सुपर ओवर में श्रीलंका की टीम पहले खेलते हुए महज पांच रन ही बना पायी। वहीं ऑस्ट्रेलिया ने स्टॉयनिस के दो चौकों की बदौलत तीन गेंदों पर नौ रन बना कर मैच जीत लिया।

इससे पहले ऑस्ट्रेलिया की तरफ से विकेटकीपर बल्लेबाज जोश इंग्लिस ने पांच चौकों की मदद से 32 गेंदों पर सर्वाधिक 48 रन बनाए, जबकि कप्तान आरोन फिंच ने तीन चौकों के सहारे 20 गेंदों में 25 रन बनाए। वहीं अनुभवी बल्लेबाज मैथ्यू वेड ने भी अंत में एक चौके और एक छक्के की मदद से चार गेंदों पर ताबड़तोड़ 13 रन बनाए। गेंदबाजी में जोश हेजलवुड ने चार ओवर में 22 रन पर सर्वाधिक तीन विकेट चटकाए। उनके अलावा पैट कमिंस, केन रिचर्डसन, मार्कस स्टॉयनिस और एडम जम्पा ने एक-एक विकेट झटके। हेजलवुड को शानदार गेंदबाजी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया।

श्रीलंका के लिए सलामी बल्लेबाज पथुम निसांका ने सात चौकों और दो छक्कों की मदद से 53 गेंदों पर 73 रन और कप्तान दासुन शनाका ने दो चौकों और तीन छक्कों के सहारे 19 गेंदों पर 34 की शानदार पारी खेली, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला पाए। श्रीलंका की तरफ से गेंदबाजी में दुष्मंता चमीरा और वानिंदु हसरंगा ने दो-दो, जबकि नुवान तुषारा और महेश थीक्षाना ने एक-एक विकेट लिया।

# टाटा ने तुर्की बिजनेसमैन इल्कर अइसी को बनाया एयर इंडिया का सीईओ और एमडी

❖ **राष्ट्रपति एर्दोआन के रह चुके हैं सलाहकार**



**नई दिल्ली।** टाटा संस ने सोमवार को तुर्की एयरलाइंस के पूर्व अध्यक्ष इल्कर अइसी को एयर इंडिया का मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक नियुक्त किया। टाटा संस ने एक विज्ञप्ति में कहा, बोर्ड ने उचित विचार-विमर्श के बाद एयर इंडिया के सीईओ और एमडी के रूप में नियुक्ति को मंजूरी दी। यह नियुक्ति अपेक्षित नियामक अनुमोदन के अधीन है। इल्कर अइसी एक तुर्की बिजनेसमैन हैं। अइसी 1994 में तुर्की के वर्तमान राष्ट्रपति रेसेप तईप एर्दोआन के सलाहकार थे। इसके अलावा उन्होंने 2015 से 2022 तक तुर्की एयरलाइंस के अध्यक्ष के रूप में काम किया। इल्कर अइसी ने इस्तांबुल महानगर पालिका में कई पदों पर भी काम किया है। उन्होंने 2005 से 2011 तक कई बीमा कंपनियों के सीईओ के रूप में भी कार्य किया। जनवरी 2011 में, उन्हें तुर्की के प्रधान मंत्रालय निवेश सहायता और संवर्धन एजेंसी के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया था।

# टीम इंडिया में रोहित शर्मा की कप्तानी से इम्प्रेस हुई नीता अंबानी

**नई दिल्ली।** आईपीएल की सबसे सफल टीम मुंबई इंडियंस ने आईपीएल ऑक्शन 2022 के पहले दिन 4 और दूसरे दिन 17 खिलाड़ियों को खरीदा। अब टीम के पास कुल 25 खिलाड़ी हो गए हैं, जिसमें 8 विदेशी और 17 भारतीय खिलाड़ी शामिल हैं। फ्रेंचाइजी ने अपने स्टार खिलाड़ी और कप्तान रोहित शर्मा पहले ही रिटेन कर रखा था, जिनकी कप्तानी में टीम ने रिकॉर्ड पांच बार खिताब जीते हैं। रोहित अब टीम इंडिया के भी फुल टाइम कप्तान हैं, जिनकी कप्तानी में टीम ने हाल में वेस्टडीज के खिलाफ वनडे सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप किया है। आईपीएल नीलामी के दौरान नीता अंबानी रोहित की कप्तानी से काफी इम्प्रेस नजर आई। मुंबई इंडियंस ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें नीता अंबानी ने रोहित की बतौर कप्तान जमकर तारीफ की। साथ ही मुंबई इंडियंस के अलावा इंटरनेशनल लेवल पर भी बतौर कप्तान रोहित के सफल होने की तारीफ की। हिटमैन रोहित भारत के पहले ऐसे कप्तान हैं, जिनकी कप्तानी में टीम इंडिया ने वनडे में विंडीज का सफाया किया है। नीता अंबानी ने कहा, रोहित शर्मा को मुंबई इंडियंस और टीम इंडिया के कप्तान के रूप में सफल होते हुए देखना बहुत अच्छा लग रहा है।

मुंबई इंडियनन्स के रिटेन किए गए खिलाड़ी: रोहित शर्मा (16 करोड़ रुपये), जसप्रीत बुमराह (12 करोड़ रुपये), सूर्यकुमार यादव (8 करोड़ रुपये), कीरोन पोलार्ड (6 करोड़ रुपये)।

आईपीएल ऑक्शन 2022 में मुंबई इंडियंस द्वारा खरीदे गए खिलाड़ी: ईशान किशन (15.25 करोड़ रुपये), डेवाल्ड ब्रेविस (3 करोड़ रुपये), बासिल थम्पी (30 लाख रुपये), मुरुगन अश्विन (1.6 करोड़ रुपये), जयदेव उनादकट (1.30 करोड़ रुपये), मयंक मार्कंडे (65 लाख रुपये), तिलक वर्मा (1.70 करोड़ रुपये), संजय यादव (50 लाख रुपये), जोफ्रा आर्चर (8 करोड़ रुपये), डेनियल सैम्स (2.60 करोड़ रुपये), तायमल मिल्स (1.50 करोड़ रुपये), टिम डेविड (8.25 करोड़ रुपये), रिले मेरेडिथ (1 करोड़ रुपये), मोहम्मद अरशद खान (20 लाख रुपये), अनमोलप्रीत सिंह (20 लाख रुपये), रमनदीप सिंह (20 लाख रुपये), राहुल बुद्धी (20 लाख रुपये), ऋतिक शौकीन (20 लाख रुपये), अर्जुन तेंदुलकर (20 लाख रुपये)।

# रणबीर कपूर की फिल्म शमशेरा की रिलीज डेट का ऐलान



रणबीर कपूर की फिल्म शमशेरा काफी समय से सुर्खियों में है। इसमें उन्हें एक ऐसे अवतार में देखा जाएगा, जो दर्शकों ने पहले कभी नहीं देखा होगा। पिछले काफी समय से दर्शक यह जानने को बेताब थे फिल्म रिलीज कब होगी। अब आखिरकार दर्शकों का यह इंतजार खत्म हो गया है। दरअसल, फिल्म की रिलीज डेट का ऐलान हो गया है और यह भी साफ हो गया है कि फिल्म किस प्लेटफॉर्म पर आएगी।

यशराज बैनर तले बनी शमशेरा दर्शकों के बीच दस्तक देने के लिए तैयार है। प्रोडक्शन हाउस ने सोशल मीडिया पर आज इसका टीजर जारी करते हुए इसकी रिलीज डेट की घोषणा कर दी है। नई जानकारी के मुताबिक, फिल्म इस साल 22 जुलाई को रिलीज होगी, जबकि पहले खबर थी कि शमशेरा 18 मार्च को पर्दे पर आएगी। अब इसकी रिलीज डेट आगे बढ़ा दी गई है। साथ ही यह भी बताया गया है कि फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

पिछले साल 28 सितंबर को रणबीर के जन्मदिन पर यशराज फिल्म्स ने एक पोस्टर साझा किया था, जिसमें एक्टर के लंबे बाल और आंखों में गुस्सा नजर आ रहा था। यशराज ने रणबीर का नया लुक शेयर कर लिखा था, लेजेंड अपनी छाप छोड़ेंगे। उनके इस लुक ने फिल्म को लेकर और उत्सुकता जगा दी थी। फिल्म से रिलीज हुआ रणबीर का फर्स्ट लुक भी दर्शकों को बेहद

# काजोल और रेवती ने शुरू की सलाम वेंकी की शूटिंग



काजोल रेवती अपनी आगामी फिल्म सलाम वेंकी के लिए एक साथ काम कर रहे हैं, जिसके पहले शेड्यूल को शुरु किया गया। काजोल फिल्म में अपना अभिनय कौशल दिखाती नजर आएंगी और रेवती निर्देशक की कुर्सी संभालेंगी। कथानक का विवरण अभी सामने नहीं आया है, लेकिन फिल्म एक सच्ची कहानी और वास्तविक पात्रों से प्रेरित है। यह एक माँ की कहानी को प्रदर्शित करेगी जो सबसे कठिन परिस्थितियों से जूझती है। फिल्म का निर्माण सूरज सिंह, श्रद्धा अग्रवाल और वर्षा कुकरेजा द्वारा ब्लाइव प्रोडक्शंस और टेक 23 स्टूडियोज के बैनर तले किया जा रहा है। सलाम वेंकी के अलावा, काजोल के पास चार परियोजनाएं हैं, जयललिता की बायोपिक ससी ललिता, जिसमें वह अमला पॉल के साथ तमिलनाडु की दिवंगत मुख्यमंत्री की भूमिका निभा रही हैं।

# आज का राशिफल

***मेष***: दोस्त से मिली ख़ास तारीफ़ ख़ुशी का ज़रिया बनेगी। जो लोग काफी वक्त से आर्थिक तंगी से गुजर रहे थे, उन्हें आज कहीं से धन प्राप्त हो सकता है जिससे जीवन की कई परेशानियां दूर हो जाएंगी।

***वृष***: आपका सबसे बड़ा सपना हक़ीक़त में बदल सकता है। आज आप अच्छा पैसा कमाएंगे, लेकिन ख़र्च में इज़ाफ़ा आपके लिए बचत को और ज़्यादा मुश्किल बना देगा आज प्रियजन के साथ फ़िल्म देखना बढिय़ा और मज़ेदार रहने वाला है।

***मिथुन***: सेहत अच्छी रहेगी। बिना किसी की सलाह लिए बिना आज आपको पैसा कहीं भी इनवेस्ट नहीं करना चाहिए। आपकी भरपूर ऊर्जा और ज़बरदस्त उत्साह सकारात्मक परिणाम लाएंगे।

***कर्क***: आपका उदार स्वभाव आज आपके लिए कई ख़ुशनुमा पल लेकर आएगा। आज आपको किसी अज्ञात स्रोत से पैसा प्राप्त हो सकता है। आज आपको प्रिय की याद सताएगी।

***सिंह***: घर और दफ़्तर में कुछ दबाव आपको ग़ुस्सैल बना सकता है। पैसा अचानक आपके पास आएगा, जो आपके ख़र्चो को संभाल लेगा। अपने मन पर काबू रखना सीखें, क्योंकि कई बार आप मन की मानकर अपना कीमती समय बर्बाद कर देते हैं।

***कन्या***: आपके जीवनसाथी की ओर से मिला कोई ख़ास तोहफ़ा आपके खिन्न मन को ख़ुश करने में काफ़ी मददगार साबित होगा। अगर आज कुछ अधिक करने को नहीं है, तो अपने घर के सामानों को दुरुस्त करके आप अपने को व्यस्त रख सकते हैं।

***तुला***: आज आप कोशिशों में कामयाबी पा सकते हैं। आर्थिक रूप से आज आप काफी मजबूत नजर आएंगे। आज आपके लिए धन कमाने के कई मौके बनेंगे। संभव है कि कोई आपसे अपने प्यार का इज़हार करे।

***वृश्चिक***: आपका हंसमुख स्वभाव दूसरों को खुश रखेगा। आपको कई स्रोतों से आर्थिक लाभ होगा। पारिवारिक तनावों को अपना ध्यान भंग न करने दें। ख़राब दौर हमें बहुत-कुछ देता है।

***धनु***: जैसे ही आप हालात पर पकड़ बनाने की कोशिश शुरू करेंगे, आपकी घबराहट ग़ायब हो जाएगी। जल्दी ही आप पाएंगे कि यह परेशानी साबुन के उस बुलबुले की तरह है, जो छूते ही फूट जाता है।

***मकर***: आप अपने सकारात्मक रवैये और आत्मविश्वास की वजह से आसपास के लोगों को प्रभावित करेंगे। अगर आप घर से बाहर रहकर जॉब या पढ़ाई करते हैं, तो ऐसे लोगों से दूर रहना सीखें, जो आपका धन और समय बर्बाद करते हैं। तनाव का दौर बरक़रार रहेगा, लेकिन पारिवारिक सहयोग मदद देगा।

***कुंभ***: धार्मिक भावनाओं के चलते आप किसी तीर्थस्थल की यात्रा करेंगे। आज घर से बाहर बड़ों का आशीर्वाद लेकर निकलें, इससे आपको धन लाभ हो सकता है। अपनी बातों पर क़ाबू रखें, क्योंकि इसके चलते बड़े-बुज़ुर्ग आहत महसूस कर सकते हैं।

***मीन***: दूसरों की आलोचना करने की आपकी आदत के कारण आपको भी आलोचना का शिकार होना पड़ सकता है। अपना 'सेंस ऑफ़ ह्यूमर दुरुस्त रखें और पलटकर तल्ख़ जवाब देने से बचें। ऐसा करने पर आप आसानी से दूसरों की कड़ी टिप्पणियों से निजात पा लेंगे।

# घर पर बनाएं बाजार जैसी स्वादिष्ट पनीर की जलेबी



पनीर पोषक तत्वों से भरपूर हड्डियों के लिए एक सुपरफूड है। जिससे आप कई तरह के डिशेज तैयार कर सकते हैं। तो आज हम बनाने वाले हैं पनीर की जलेबी।

**सामग्री :**

1 कप पनीर, 1/2 टीस्पून केसर के धागे, 1/4 कप मैदा, 1.5 कप चीनी, आवश्यकतानुसार शुद्ध घी जलेबी तलने के लिए मेवा और चांदी का वर्क सजाने के लिए

**विधि :**

- सबसे पहले थोड़े से पानी में केसर भिगोएं। फिर मैदा में थोड़ा सा पानी मिलाएं और गुठलियां खत्म होने पर इसमें थोड़ा और पानी मिलाकर 4-5 मिनट तक फेंटें। ध्यान रहे घोल इतना गाढ़ा हो कि चम्मच से धार की तरह कड़ाही में गिरा सकें।
- तैयार घोल को ढककर किसी गरम जगह पर 1 घंटे के लिए रख दें। इससे मैदा फूलकर सेट हो जाएगा।
- अब किसी बर्तन में एक कप से थोड़ा ज्यादा पानी लें और उसमें चीनी डालकर एक तार की चाशनी बनाएं।
- चाशनी तैयार होने पर उसमें केसर का पानी मिक्स करें। अब जलेबी का बैटर बनाएं।
- इसके लिए थाली में पनीर लें। उसमें 1 टेबलस्पून दूध मिलाएं और हथेली से मसल-मसलकर पनीर को चिकना करें।
- अब एक बर्तन में मसला हुआ पनीर और मैदे का घोल लें और इस मिश्रण को एकसार होने तक फेंटते रहें।
- इसके बाद जलेबी के बैटर को एक कोन में भर लें और कड़ाही में घी गर्म होने रख दें।
- कोन को हाथ से दबाते हुए गर्म घी में गोल-गोल जलेबियां बनाएं और धीमी व मध्यम आंच पर उन्हें दोनों ओर से गोल्डन ब्राउन होने तक तलें।
- फ्राइड जलेबियां निकालकर चाशनी में डालें। लगभग 2 मिनट तक चाशनी से जलेबियां निकालकर प्लेट में रखें। मेवा और चांदी के वर्क से सजाकर सर्व करें।

# शब्द सामर्थ्य- 350

**बाएं से दाएं**

1. याद, स्मरण 3. अग्नि, आग, पवित्र करने वाला 6. गौ जाति का नर 8. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 10. मुस्कुराहट, तबस्सुम 11. खारा, नमक के स्वाद जैसा 14. मुख्यभाग, निचोड़ 16. पिंडली व एड़ी के बीच की दोनों ओर उभरी हड्डी, गुल्फ 18. अद्भुत, विचित्र 21. सम्राट, बादशाह, नरेश 22. कृति, निर्माण करना, बनाना 23. बड़ी थाली 24. समूह, दल 26. एहसानमंद, कृतज्ञ 27. ध्वनि, सदा 28. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर।

**ऊपर से नीचे**

2. अपमान, अनादर, अवज्ञा 3. जल, नीर, अम्बु 4. वाणी, वादा, कथन 4. कर्म शब्द का अपभ्रंश, भाग्य 7. लकड़ी का घूमने वाला एक गोल खिलौना, बिजली का बल्ब 9. लोग, प्रजा 10. यात्री, राही, पथिक 12. कीड़ा 13. चोचला, अदा 15. दंड 17. अवैध, अनुचित 18. जो आधिकारिक न हो, जो अधिकार प्राप्त न हो 19. जैसा होना चाहिए ठीक वैसा, सत्यपरक, वाजिब 20. ताकत, शक्ति 24. प्रश्न, समस्या 25. घटना, घटना का वर्णन 26. एक प्रसिद्ध पक्षी जो रात में विचरण करता है, लक्ष्मीजी की सवारी 27. पानी, चमक।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 349 का हल**



# सू-दोकू- 350



**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र[ख] सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.349 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |